# पांच सौ की रिश्वत लेते लोकायुक्त के हाथ चढ़ा पटवारी

## नामान्तरण के लिए मांगी थी दो हजार की रिश्वत, सुबह आवास में पैसा लेते गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 दिसम्बर, रीवा के तहसील रायपुर कर्चुलियान के हल्का बरेही मे पदस्थ पटवारी को शनिवार की सुबह 8 बजे पांच सौ की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस ने गिरफ्तार किया है.**


आरोपी अपने निवास कृष्णा कुंज कालोनी में पांच सौ रूपये की रिश्वत जैसे ही ली तो पहले से मौजूद लोकायुक्त की टीम ने धरदबोचा. आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है. लोकायुक्त एसपी कार्यालय में



राजेश कुमार यादव निवासी महसुआ ने शिकायत की थी कि उसने अपनी पत्नी के नाम बरेही हल्का में भूमि क्रय की थी और उक्त भूमि के नामान्तरण के एवज में हल्का पटवारी नवीन गुप्ता तहसील रायपुर कर्चुलियान द्वारा दो हजार रूपये की रिश्वत मांगी जा रही है. शिकायत प्राप्त होने के बाद प्रभारी पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह द्वारा सत्यापन कराया गया. सत्यापन के दौरान आरोपी पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग करना पाया गया. शनिवार की सुबह आरोपी पटवारी नवीन गुप्ता हल्का बरेही को निवास कृष्णा कुंज कालोनी में पांच सौ की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ ट्रेप किया गया. आरोपी के विरूद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संसोधन अधिनियम 2008 के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की जांच की जा रही है. कार्यवाही निरीक्षक उपेन्द्र दुबे के नेतृत्व में की गई, साथ में 15 सदस्यीय दल मौजूद रहा.

# रहिमन चुप हो बैठिये, देखि दिनन के फेर जब नीके दिन आइहैं, बनत न लगिहैं देर

एक रोज कहूं रहीमदास जी कै इया दोहा पढ़य का मिला.बहुतय नीक लाग.कबहुँ-कबहुँ लागा करत हय की पहिले कै लोग केता जानकार रहे हेय. केती बड़ी बात केते मजे से कहिगे.रहिमन चुप हो बैठिये, देखि दिनन के फेर। जब नीके दिन आइहैं, बनत न लगिहैं देर॥ जमाना केतो बदलिगा होय पर समय से बलि अबहुँ कउनो दूसरे चीज हमी समझ




नाही आवय.महाभारत सीरियल मा हरीश भिमानी कै जब मैं समय हूं कै कहनुत काने मा परत रही हय ता अइसन लागय की पहिले जउन भविष्यवाणी होत रही है वोमा देउता अउर दानवन का बताव अउर सिखाब जात रहा.अपने देश कै संस्कृति अउर परम्परा मा इया मेर कै जउन बातें हम पर असर करती हय उनखे कई कोउ देखइन नाही चाहे.वहय चौबीसो घरी हाथें मा लए खेलऊना से खेलत रहत हय. बहुत भा ता अपने आप का संसार का सबसे बड़ा गुरूबाबा मानय वारे गूगल मा उँगरी कई कै ज्ञान बघारय लगी हय. एखे उलट हमरे हय येते गुनी लोग भे हय जउन सब कुछु पहिले बतायगे हय. रहीमदास अपने दोहा मा जउन कहिन हय वोमा समय कै फेर कै चर्चा किन्हीन हय. जब मनई का समय नीक ना होय ता मस्का मारे बइठब नीक होत हय. ऐसे की वा समय अपनी समझ से नीक किनोगा नागा होइ जात हय. यहवो ठीक कहिन हय कि जब समय नीक होत हय तब बिगरे काम बनमय कै खितिर ना जाने को सहाय होइ जात हय. कइवो बेरी कोउ देवदूत अस आया कै सब कुछु नीक कर जात हय. हमर मानब इयां हय की आबय कुछु यहए मेर का समय हय जेमा चुप हो बईठय कै जरूरत हीबय नाही ता बने काम का बिगरय मा तनिको देरी ना लगी.पुरखा कहिगे हय की मौका सब का मिलत हय वोमा देरी चाहे केति लग जाय.

# सीमेंट व किराना कारोबारी के यहां दूसरे दिन जारी रही कार्यवाही

## जीएसटी की15 सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को मारा था छापा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 दिसम्बर, जीएसटी ( वस्तु एवं सेवाकर ) के एंटी इवेजन ब्यूरो ने शुक्रवार को शहर के सिरमौर चौराहा स्थित सीमेंट और किराना कारोबारी के यहा छापामार कार्यवाही की थी.**

दूसरे दिन भी जांच की कार्यवाही देर रात तक जारी रही. सतना एईबी और रीवा सर्किल की 15 सदस्यीय टीम ने ज्वाइन कमिश्नर राकेश साल्वे के निर्देशन व डिप्टी कमिश्नर उमेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शुक्रवार की दोपहर 2.30 बजे से जांच की कार्यवाही



शुरू की. रात 9.30 बजे तक स्टाक गणना की कार्यवाही चली. उसके बाद प्रतिष्ठान को सीज कर दिया गया और दूसरे दिन शनिवार की सुबह से पुन: रतन किराना स्टोर में कार्यवाही शुरू की गई. सीमेंट के स्टाक की गणना शुक्रवार को ही हो गई थी, लेकिन किराना की गणना पूरी नही हुई थी. बताया गया है कि रतन गुप्ता सीमेंट का भी बड़े पैमाने पर कारोबार करते है, टैक्स चोरी की आशंका पर यहा कार्यवाही की गई. डाटा को जो परीक्षण किया गया उससे कर अपवंचन होने की आशंका पर दो दिन से कार्यवाही जारी है. क्रय-विक्रय से जुड़े दस्तावेजो को खंगालने के साथ स्टाक का भौतिक सत्यापन किया गया. जांच में कई गड़बड़ी सामने आई है, देर रात तक कार्यवाही जारी रही. सहायक आयुक्त अभिनव त्रिपाठी सहित रीवा सर्किल एवं सतना एईबी के अधिकारी मौजूद रहे.

## उचेहरा, कोठी में आज सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**सतना, 06 दिसम्बर.** सतना लोकसभा क्षेत्र के सतना जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 7 दिसंबर को प्रात: 11 बजे रेस्ट हाउस के सामने खेल मैदान उचेहरा में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल होंगे तथा अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता पंकज सिंह परिहार करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत उचेहरा अंजू भागवेन्द्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष निरंजन प्रजापति एवं जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी प्रकार 7 दिसम्बर को ही दोपहर 2 बजे ठाकुर रणमत सिंह स्टेडियम कोठी में आयोजित सांसद खेल महोत्सव की मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, अध्यक्षता नगर परिषद कोठी अध्यक्ष सुखवंती कोरी करेंगी।

# हवा भरते समय टायर फटने से युवक घायल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 दिसम्बर, शहर के सिविल लाइन थाना अन्तर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में शाम को बस के टायर में हवा भरते समय अचानक धमाका हुआ. जिससे हवा भर रहा युवक हवा में उछल गया और उसके हाथ-पैर में गंभीर चोटे आई है. जिसे आनन-फानन उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

जानकारी के मुताबिक शेराज खान एक बस के टायर में हवा भर रहा था. कुछ देर हवा भरने के बाद अचानक टायर में जोर का धमाका हुआ और शेराज हवा के साथ आसमान में उछल कर दूर जा गिरा. जिससे उसके हाथ पैर में गंभीर चोट आई है. धमका होते ही हडकम्प मच गया. आसपास के लोग पहले समझ नही पाए कि क्या हुआ. जब धूल का गुबार हटा तो देखा कि युवक घायल अवस्था में पड़ा था. जिसे आनन-फानन उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया.

# किसानों के साथ धान तौल में हो रहे खेल की शुरू हुई जांच

## मामला रामपुर नैकिन खरीदी केंद्र का, शिकायत के बाद प्रशासनिक जांच जारी

नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 दिसम्बर. सीधी जिले के रामपुर नैकिन स्थित धान खरीदी केंद्र में धान तौल में खेल एवं अन्य अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त होते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की।**

शिकायत में यह उल्लेख था कि केंद्र में 40 किलो के निर्धारित मानक के स्थान पर 41 किलो से अधिक की तौल की जा रही थी तथा प्रति बोरी अतिरिक्त मजदूरी वसूली की आशंका व्यक्त की गई थी। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर स्वरोचिष



सोमवंशी ने तुरंत जांच के निर्देश जारी किए।कलेक्टर के निर्देश मिलते ही तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष मिश्रा, नायब तहसीलदार महेंद्र द्विवेदी और कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए खरीदी केंद्र पहुँची। टीम ने स्थल का निरीक्षण किया, किसानों से जानकारी एकत्रित की और प्रारंभिक तथ्य संकलित किए। अधिकारियों ने बताया कि समस्त प्रक्रिया शासन के निर्देशों और निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार की जा रही है तथा विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण के बाद कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी केंद्रों पर 40 किलो के निर्धारित मानक के अनुसार ही तौल सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की अतिरिक्त वसूली प्रतिबंधित रहेगी।

### शिकायत की स्थिति में तत्काल निरीक्षण के निर्देश

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर तौल मशीन और रेकॉर्ड की नियमित जांच की जाए तथा किसी भी शिकायत की स्थिति में तत्काल निरीक्षण दल भेजा जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रतिदिन खरीदी केंद्रों की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु भी कहा है। उन्होंने यह चेतावनी दी कि अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि किसानों के हितों और पारदर्शी खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह सुनिश्चित किया जा सके।

# परिवहन विभाग ने मनगवां-प्रयागराज मार्ग में की कार्यवाही

## जांच में कमी पाए जाने पर 25 वाहनों से सम्मन शुल्क वसूला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 दिसम्बर. परिवहन विभाग ने जीरो फैटेलिटी अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रायपुर कर्चुलियान मनगवा सोहगी मार्ग के साथ रीवा सिरमौर मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।**

इस अभियान के दौरान कुल 216 वाहनों की जांच की जिनमे 25 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई, जिसमें यातायात नियमों



के उल्लंघन के विभिन्न मामलों को लक्षित किया गया।परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और दुर्घटनाओं को शून्य स्तर पर लाना है। अभियान में 10 वाहनों पर बीमा संबंधी उल्लंघन, 10 दो पहिया वाहनों पर हेलमेट न पहनने, 2 पर खतरनाक हालत में वाहन चलाने और 3 पर सीट बेल्ट न लगाने के लिए चालान काटे गए। इसके अलावा, आने-जाने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में समझाया गया और जागरूक किया गया।परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, यह अभियान जीरो फैटेलिटी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा प्रयास है कि सड़कों पर कोई भी दुर्घटना न हो और सभी यात्री सुरक्षित रहें। भविष्य में ऐसे अभियान और तेज किए जाएंगे।नियम से चलने वाले वाहन स्वामियों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे जिले में यातायात अनुशासन में सुधार होगा। विभाग ने अपील की है कि सभी वाहन चालक नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

# शिवराजपुर खरीदी केन्द्र पहुंचे कलेक्टर

## दिए किसानों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना 06 दिसम्बर. कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को अधिकारियों के साथ सतना जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर उपार्जन केन्द्र एवं वेयर हाउस का निरीक्षण किया।**

इस दौरान कलेक्टर ने सेवा समिति शिवराजपुर उपार्जन केन्द्र एवं सेवा समिति पनगरा के कतकोन में स्थित शिव बेयर



हाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने खरीदी केन्द्र व राशन दुकान का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा 06 दिसम्बर. जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने अमिलकी में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया।**

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित



सामान्य औसत किस्म का धान ही खरीदें। किसानों को धान की तुलाई के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। किसानों से किसी भी स्थिति में अतिरिक्त राशि न लें। प्रत्येक बोरी में तौल के बाद टैग और एक्सटेंसिल अनिवार्य रूप से लगाकर उसमें किसानों के पंजीयन क्रमांक को दर्ज करें। किसानों को निर्धारित समय सीमा में उपार्जित धान का भुगतान कराएं। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारीए जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश तांडेकर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर ने उचित मूल्य दुकान सिलपरा का भी निरीक्षण किया।

# अभियोजन अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट की दी गई जानकारी

## अभियोजन अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**रीवा 06 दिसम्बर. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अभियोजन अधिकारियों की संभागीय कार्यशाला का आयोजित की गई।**

अभियोजन निदेशक बीएल प्रजापति लोक अभियोजन निदेशालय भोपाल के मार्गदर्शन में एवं सुशील कुमार शुक्ला सहायक निदेशक जिला अभियोजन संचालनालय रीवा के नेतृत्व में स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम ;एनडीपीएस




एक्टद्ध 1985 के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। यह अधिनियम कुछ औषधियों के चिकित्सकीय और वैज्ञानिक उपयोग को छोड़कर उनके अवैध व्यापार और दुरूपयोग को रोकने के लिए बनाया गया है। कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला में संदीप मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवाए महेंद्र सिंह गौतम सहायक संचालक भोपाल के साथ संभाग के समस्त अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के वक्ता सूर्य प्रसाद पाण्डेय वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अपराध एवं अनुसंधान तथा इन पदार्थों के विनष्टीकरण के संबंध में विधिक प्रावधानों के विषय पर जानकारी दी। हनुमंत किशोर शर्मा जिला अभियोजन अधिकारी अजाक रेंज रीवा के द्वारा नशे का मनोविज्ञान एवं मानव मस्तिष्क पर प्रभाव के विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया गया। इससे संभाग के समस्त अभियोजन अधिकारियों के कार्य कुशलता एवं व्यावहारिक दक्षता एवं ज्ञान में वृद्धि हुई जो जिले एवं समस्त संभाग में फैले नशे के व्यापार को रोकने और अपराधियों को सजा दिलाने में सहायक सिद्ध होगी।

### विशेष गहन पनुरीक्षण कार्य संबंधी बैठक 8 को

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों के संबंध में 8 दिसम्बर को दोपहर बाद 3 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टियों के अध्यक्ष अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

# निगाही में आयोजित रक्तदान शिविर में 27 यूनिट रक्त संग्रहित

## लायंस क्लब व वोल्टास लिमिटेड ने कराया रक्तदान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 दिसम्बर । वोल्टास लिमिटेड, निगाही एवं लायंस क्लब सिंगरौली प्राइड के संयुक्त तत्वाधान तथा इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के सहयोग से बीते दिन शुक्रवार को आयोजित रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

इस शिविर में कुल 27 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया, जो जिले के गंभीर रोगियों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होगा। रक्तदान




शिविर का आयोजन यूएमपीईएसएल वोल्टास कंपनी निगाही नवानगर थाने के पास में आयोजित किया गया। यह शिविर रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह के नेतृत्व में तथा ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आरडी द्विवेदी एवं अतिरिक्त मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एनके जैन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वोल्टास लिमिटेड कंपनी निगाही से जिसो चेरियन शिवेंद्र चंद्र वर्मा, प्रदीप शर्मा, प्रभाकर पाण्डेय, मो. अयूब अंसारी एवं लायंस क्लब सिंगरौली प्राइड की ओर से लायन संजीव कोहली, लायन गोपाल, लायन नारायण दास साहू, लायन अमरेंद्र प्रताप सिंह, संजीव कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि एक यूनिट रक्त तीन जीवन बचाने में सक्षम है। नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों को जीवन मिलता है, बल्कि समाज में मानवता, सेवा और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। सभी प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान अभियान से जुड़ने की अपील की।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
जिला परिषद् सिंगरौली (म.प्र.)
कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर
07, 08 दिसम्बर 2025
स्थान - श्रमिक मनोरंजन केन्द्र जयन्त, जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99